(b) IOC have not advertised for any retail outlet dealership at Madhubani in the Distt. of Darbhanga in Bihar.

(c) Does not arise.

पेंट्रोल, गैस और तेल सम्बन्धी छिद्रण कार्य के लिये ठेके

7214. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **पेंट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन कम्पनियों के नाम क्या हैं जिन्हें इस समय पेंट्रोल, गैस और तेल सम्बन्धी छिद्रण-कार्य के लिए ठेके दिये गये हैं;

(ख) क्या इस आशय के करार के अन्तर्गत दिये गये किसी ठेके के द्वारा लाखों रुपये का दुर्विनियोग किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

पेंट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) बम्बई हाई संरचना तथा संलग्न क्षेत्रों के गहरे अपतट पानी में व्यधन-कार्य को प्रारम्भ करने के लिए तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग की योजना के सम्बन्ध में, अमरीका के मैसर्स आफशोर इण्टर-नेशनल एस० ए० के साथ हाल ही में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गये हैं। मैसर्स आफशोर इण्टरनेशनल एस. ए. तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के लिए प्रारम्भिक अवस्था में, इस व्यधन-कार्य हेतु, जिसके 1972 के उत्तरार्ध में आरम्भ होने की सम्भावना है, व्यधन करने वाले व्यक्तियों की एक सीमित संख्या की व्यवस्था करेगा। मैसर्स आफशोर इण्टरनेशनल एस० ए० इस उद्देश्य के लिए, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के कुछ प्रायोगिकविदों को प्रशिक्षण भी देगा।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

गार्ड प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा के कर्मचारियों के बच्चों के लिए परिवहन व्यवस्था

7215. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा गार्ड प्रशिक्षण केन्द्र में रहने वाले सिविल कर्मचारियों तथा अधि-कारियों के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए क्या परिवहन व्यवस्था की गई है;

(ख) क्या इस कार्य के लिए लगायी गई मोटर गाड़ी वहां रहने वाले सैनिक अधिकारियों के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए ही है; और

(ग) वहां रह रहे कम आय पाने वाले सिविल कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्या परिवहन व्यवस्था की गई है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना एकत्रित की जा रही और प्राप्त हो जाने पर सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी।